# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

(3). आज दिनाँक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आयी फरियादी की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

**(4).** आज दिनांक 21.06.2024 को दशमं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड विभाग श्री धर्मवीर प्रजापति, नोडल अधिकारी आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी,पूर्व मंत्री श्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय,ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव,पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, सीडीओ सुश्री अमृत पाल कौर व योग साधकों ने किया योग

राज्यमंत्री जी के द्वारा योग के महत्व को समझाते हुए सभी को नियमित योग करने,पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने हेतु योग साधकों को पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

अंतर्राष्ट्रीय योग के महत्व को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। इस दिन विश्वभर में योगाभ्यास और योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे योग के प्रति जागरूकता बढ़ती है और लोग इसके लाभों को समझ पाते हैं।

योग एक सम्पूर्ण जीवन शैली है, जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास के लिए आवश्यक है। इसका नियमित अभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, खुशहाल और संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। योग की प्राचीन विधा को अपनाकर हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और समग्र स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना/चौकीयों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी,प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स चित्रकूट व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहकर योगाभ्यास किये ।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्शों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने 02 अभियुक्तों के कब्जे से 03 किलों 650 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 21.06.2024 को उ0नि0 मातादीन एवं हमराही द्वारा रात्रि गस्त के दौरान गैस एजेन्सी रोड बहद कस्बा पहाड़ी से अभियुक्त 1. शिवसागर पुत्र चुनबाद त्रिपाठी निवासी ग्राम नहरा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 01 किलो 850 ग्राम अवैध गांजा, अभियुक्त 2. अजय पुत्र बुद्धराज प्रजापति निवासी ग्राम नहरा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट 01 किलों 800 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्त से एक अदद मोटर साइकिल यू0पी0 96 एन0 5791 को एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया तथा अभियुक्तों विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

03 किलो 650 ग्राम गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मातादीन थाना पहाड़ी

2.उ0नि0 यूटी श्री किशन कुमार

3. आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह

(6). आज दिनाँक-21.06.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव व अद्यवधिक करने हेतु थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती सरिता सरोज को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।